**Regarding relief package for Karauli district in Rajasthan affected due to heavy rains and floods - Laid**

श्री भजन लाल जाटव **(**करौली**-**धौलपुर**) :** अगस्त 2024 में राजस्थान के करौली जिले, विशेषकर हिंडौन क्षेत्र में भारी बारिश और बाढ़ के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ । इस प्राकृतिक आपदा से कई घर जलमग्न हो गए, सैकड़ों घर नष्ट हो गए, और परिवारों को विस्थापित होना पड़ा । किसानों की फसलें नष्ट हो गईं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ । इस दौरान प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कई दिनों तक पीने का पानी और भोजन तक नहीं मिल सका, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गईं । प्रशासनिक व्यवस्था भी इस आपदा के सामने कमजोर पड़ती दिखी । मैं सरकार से जानना चाहता हूँ: क्या केंद्र सरकार ने इस आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कोई विशेष राहत पैकेज घोषित किया है? क्या केंद्र सरकार बाढ़ से बचाव हेतु दीर्घकालिक समाधान, जैसे नदी तटबंध निर्माण, नाले की सफाई जल निकासी व्यवस्था सुधारने और पूर्वानुमान तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए कोई विशेष योजना लागू करने पर विचार कर रही है? प्रभावित किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए क्या विशेष मुआवजा योजना बनाई गई है? मैं सरकार से निवेदन करूँगा की बारिश आने से पहले इस समस्या से मेरे क्षेत्र को राहत प्रदान की जाये